दैनिक ट्रिब्यून

Date: 04-04-2019 Page No. 4

नित्या इलेक्ट्रोकंट्रोल ने लॉन्च किया इलेक्ट्रिकल सेफ्टी डिवाइसेस और पावर सेविंग वायर

ब्यूरो

नई दिल्ली। भारी उद्योगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले बिजली और इलेक्ट्रनिक उपकरणों के निर्माण के क्षेत्र में अग्रसर नित्या इलेक्ट्रोकोन्ट्रोल प्राइवेट लिमिटेड ने प्रगति मैदान में हो रहे ग्रिडटेक 2019 में घरेलू इस्तेमाल के लिए अपने आगामी उत्पादों का प्रदर्शन किया जैसे कि एमसीबी, आरसीसीबी, तार और केबल और वितरण बॉक्स। ये सभी प्रॉडक्ट्स बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद द्वारा लॉन्च किए गए जिनको ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया था। दो दशकों के अनुभव के साथ एनईसी ने औद्योगिक बिजली उपकरणों के एक प्रमुख निर्माता के रूप में शुरुआत की जो अब उपभोक्ता एफएमईजी के साथ अपने इनोवेशन सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ ताल से ताल मिलाते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के विजन मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए एनईसी अगले पांच वर्षों के लिए 200 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट करने के लिए तैयार है जो न केवल रोजगार को बढ़ावा देगा बल्कि स्वच्छ और ग्रीन एनर्जी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देगा। नित्या इलेक्ट्रोकंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी प्रशांत श्रीवास्तव का कहना है कि घरों में इलेक्ट्रिकल सेफ्टी को पूरी तरह से सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एडवांस तकनीक का उपयोग करके प्रॉडक्ट्स को डिजाइन किया गया है। उपभोक्ता अपनी जरूरत के हिसाब से किसी भी तरह का केबल ले सकते हैं। तारों को तार खींचने वाली मशीनों के जरिए शुद्ध तांबे से बानाया जाता है, जो बिजली के लीकेज को रोकने और बिजली की बचत करने में मदद करता है।

होम केबल्स में लाइट ड्यूटी केबल और बिल्डिंग वायर शामिल हैं जो एकसाथ लिपटी हुई कॉपर की वायर से बनाए जाते हैं। इन वायर और केबल में फ्लेम रिटार्डेंट, लो स्मोक और लो हैलोजन इंसुलेशन के गुण होते हैं। प्रशांत श्रीवास्तव ने आगे कहा कि हम भी हमेशा अपने उपभोक्ताओं को एमसीबीए, आरसीसीबीए डिस्ट्रीब्युशन बबक्स और तारों और केबलों की एक बड़ी रेंज के साथ सबसे अच्छी, सुरक्षित और एडवांस तकनीक देने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। किसी भी शार्ट सर्किट या ओवरलोड से सुरक्षा के लिए एमसीबी, आरसीसीबी, और आइसोलेटर जैसे उपकरण इलेक्ट्रिकल इंस्टटलेशन सणकट के महत्तपूर्ण हिस्से हैं। एमसीबी ओवरलोड को रोकने के लिए मेन पावर सप्लाई को काट देता है जबकि आरसीसीबी सर्किट में अर्थ लीकेज से सुरक्षा प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य यही रहता है कि हम हमेशा प्रॉडक्ट वैल्यू में सुधार करते रहें और सबसे अच्छी क्वालिटी के प्रॉडक्ट और सर्विस देकर उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतर सकें। अपने प्रभावशाली डिस्ट्रीब्युशन नेटवर्क उच्च गुणवत्ता वाले प्रॉडक्ट रेंज इनोवेटिव और बेहतर उत्पादों के लिए जाना जाने वालाए नित्या इलेक्ट्रोकंट्रोल लीडिंग फास्ट मूविंग इलेक्ट्रिकल गुड्स (सएफएमईजी) और इन्डस्ट्रियल पावर डिस्ट्रीब्युशन इक्विपमेंट के निर्माताओं में से एक है। मजबूत ग्लोबल और पैन इंडिया की मौजूदगी के साथ एनईसी की टीम हमेशा अपने कस्टमर्स की सुरक्षा का ध्यान रखती है और उनकी हर जरूरत को गुणवत्ता के साथ पूरा करने में विश्वास करती है।